ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

***नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त***

---

## वाराणसी में आयोजित युवा कवि संगम हिंदी विश्वविद्यालय के शोध-छात्रों ने की शिरकत

कावर्धा दि. 15 अप्रैल 2015: काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 9 एवं 10 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय युवा कवि संगम में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के दो शोध-छात्र प्रदीप त्रिपाठी एवं शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने आमंत्रित कवि के रूप में शिरकत की।






युवा कवि संगम के पहले दिन 'कविता इन दिनों' विषय पर परिचर्चा हुई। परिचर्चा में वर्तमान परिदृश्य में कविता की दशा एवं दिशा की पड़ताल करते हुए उसके महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया गया। सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्रपति ने की। कवि संगम के दूसरे दिन दो सत्रों में आमंत्रित कवियों द्वारा काव्यपाठ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निलय उपाध्याय, दिनकर कुमार, श्रीप्रकाश शुक्ल, राकेश रंजन, प्रदीप त्रिपाठी, बसंत सकरगाये, निशांत, जासिंता केरकेट्टा, अमित मनोज, कुँवर रवीन्द्र, आत्मा रंजन, सुरेश सेन, अरुणाभ सौरभ, शैलेंद्र कुमार शुक्ल, रामजी तिवारी, अजय पाण्डेय, कर्मानंद आर्य, निर्मला तोदी, सुधांशु फिरदौश, केशव तिवारी, संतोष चतुर्वेदी, सर्वेश कुमार सिंह, अच्युतानन्द मिश्र, श्रीकांत दुबे, अमृत सागर, भावना मिश्र, सोनी पाण्डेय एवं विजय सिंह आदि शामिल थे।